Responsible Mining Foundation

खनन-स्थल मूल्यांकन उपकरण

खनन-स्थल का नाम:	
कंपनी का नाम:	
वह कहाँ स्थित है:	
तारीख:	

01 स्थानीय नियोजन

	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	इसका सार्वजनिक खुलासा करती है कि **प्रभावित समुदायों के कितने लोग उसके कर्मचारी** हैं?	☐	☐
ख.	इसका सार्वजनिक खुलासा करती है कि **प्रभावित समुदायों के कितने लोग उसके ठेकेदारों** के लिए काम कर रहे हैं?	☐	☐
ग.	इसका सार्वजनिक खुलासा करती है कि **प्रभावित समुदायों की कितनी महिलाएँ उसके कर्मचारी हैं** तथा उसके ठेकेदारों द्वरा काम पर रखी गई हैं?	☐	☐
घ.	इसका सार्वजनिक खुलासा करती है कि प्रभावित समुदायों के जिन लोगों को उसने नियोजित किया है, उनमें से कितनों को उसने **अधिक वरिष्ठ पदों पर पदोन्नत किया है**?	☐	☐

02 स्थानीय प्रापण

	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	इसका सार्वजनिक रूप से खुलासा करती है कि वह स्थानीय क्षेत्र से सामान और सेवाएँ प्राप्त करने में **कितनी राशि** खर्च करती है?	☐	☐
ख.	इसका सार्वजनिक रूप से खुलासा करती है कि वह स्थानीय क्षेत्र से **किस प्रकार के सामान और सेवाएँ** खरीदती है?	☐	☐
ग.	अपने स्थानीय प्रापण कार्यक्रमों के विकास में **प्रभावित समुदायों को शामिल करती है?**	☐	☐
घ.	अपने स्थानीय प्रापण कार्यक्रमों के विकास **में प्रभावित समुदायों की महिलाओं को सक्रिय रूप से शामिल करती है?**	☐	☐

03	**वायु की गुणवत्ता**		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	नियमित रूप से और सार्वजनिक रूप से **प्रत्येक अनुवीक्षण स्थान के लिए वायु की गुणवत्ता से संबंधित आँकड़ों** का खुलासा करती है?	☐	☐
ख.	कंपनी इसे **रेखांकित** करती है कि वायु की गुणवत्ता सुरक्षित मानी जाने वाली	☐	☐
ग.	वायु की गुणवत्ता को प्रबंधित करने से संबंधित **निर्णय लेते समय प्रभावित समुदायों को शामिल करती है?**	☐	☐
घ.	वायु की गुणवत्ता को प्रबंधित करने से संबंधित **निर्णय लेते समय प्रभावित समुदायों की महिलाओं को शामिल करती है?**	☐	☐

04	**पानी की गुणवत्ता**		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	नियमित रूप से और सार्वजनिक रूप से **प्रत्येक अनुवीक्षण स्थान के लिए पानी की गुणवत्ता से संबंधित आँकड़ों** का खुलासा करती है?	☐	☐
ख.	पानी की गुणवत्ता सुरक्षित मानी जाने वाली सीमाओं से कब और कहाँ कम होती है, इसे **रेखांकित** करती है?	☐	☐
ग.	पानी की गुणवत्ता को प्रबंधित करने से संबंधित **निर्णय लेते समय प्रभावित समुदायों को शामिल करती है?**	☐	☐
घ.	पानी की गुणवत्ता को प्रबंधित करने से संबंधित **निर्णय लेते समय प्रभावित समुदायों की महिलाओं को शामिल करती है?**	☐	☐

05	**पानी की मात्रा**		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	नियमित रूप से और सार्वजनिक रूप से इसका खुलासा करती है कि वह परिवेश से **कितना पानी ले रही है**?	☐	☐
ख.	साझे **जल-संसाधनों में पहुँच का प्रबंध कैसे करना है, इसके बारे में प्रभावित समुदायों के साथ चर्चा करती है**?	☐	☐
ग.	साझे **जल-संसाधनों में पहुँच का प्रबंध कैसे करना है, इसके बारे में होने वाली चर्चाओं में प्रभावित समुदायों की महिलाओं को सक्रिय रूप से शामिल करती**	☐	☐
घ.	**जल-उपयोग को कम करने से संबंधित निर्णय लेते समय** प्रभावित समुदायों को शामिल करती है?	☐	☐

06	**पुनर्वास, और खनन कार्य बंद हो जाने के बाद**		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	इसे सुनिश्चित करती है कि **खनन कार्य कब शुरू होगा और कब बंद होगा** इसकी जानकारी प्रभावित समुदायों को दी जाती है?	☐	☐
ख.	अपनी पुनर्वास योजनाओं और खानों के बंद हो जाने के बाद के समय की योजनाएँ बनाते समय **प्रभावित समुदायों को शामिल** करती है?	☐	☐
ग.	इसे सुनिश्चित करती है कि पुनर्वास योजनाओं और खानों के बांद हो जाने के बाद के समय की योजनाओं से **प्रभावित समुदाय सहमत हैं**?	☐	☐
घ.	अपनी पुनर्वास योजनाओं और खानों के बंद हो जाने के बाद के समय की **योजनाएँ बनाते समय तथा इनके सत्यापन में प्रभावित समुदायों की महिलाओं को शामिल करती है?**	☐	☐

07	**खनन के उप-उत्पादों (टेलिंग) का प्रबंध**		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	टेलिंग बाँध **कहाँ-कहाँ स्थित हैं**, इसका सार्वजनिक खुलासा सटीकता से करती है?	☐	☐
ख.	इसे सुनिश्चित करती है कि ,सभी टेलिंग बाँधों को स्थानीय रूप से समझ में आने वाले तरीकों से चिहि्नत किया जाता है तथा उन्हें लोगों और जानवरों के लिए सुरक्षित किया जाता है?	☐	☐
ग.	सार्वजनिक रूप से इसका खुलासा करती है कि **टेलिंग बाँधों के टूटने की स्थिति में ठीक कौन-सा भौगोलिक क्षेत्र प्रभावित होगा?**	☐	☐
घ.	टेलिंग बाँधें से जुड़ी दुर्घटनाएँ होने पर कर्मियों और प्रभावित होने वाले समुदायों को चेतनावनी देने के सायरनों और अन्य चेतावनी प्रणालियों को नियमित रूप से जाँचती है?	☐	☐

08	**स्थानीय समुदायों की सुरक्षा**		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	सार्वजनिक रूप से खनन परमिट वाले क्षेत्र में होने वाली **मौतों की संख्या और उनकी परिस्थितियों** का सार्वजनिक खुलासा करती है?	☐	☐
ख.	ने सुनिश्चित किया है कि प्रभावित समुदायों को **सूचना दी जा चुकी है कि खनन से संबंधित आपात-स्थिति में उन्हें क्या करना है?**	☐	☐
ग.	आपात स्थितियों के लिए विकसित इन कार्रवाई **योजनाओं के परीक्षण में प्रभावित समुदायों को शामिल किया गया है**?	☐	☐
घ.	आपात स्थितियों के लिए विकसित इन कार्रवाई **योजनाओं के परीक्षण में प्रभावित समुदायों की महिलाओं को शामिल किया गया है?**	☐	☐

09	**समुदायों की शिकायतें और चिंताएँ**		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	ने प्रभावित समुदायों और व्यक्तियों द्वारा **शिकायतें और चिंताएँ जमा करने के लिए शिकायत प्रणाली** स्थापित की है?	☐	☐
ख.	सुनिश्चत करती है कि समुदायों की शिकायतें प्राप्त करने तथा इन शिकायतों का निराकरण करने के लिए पुरुष और स्त्री कर्मचारी उपलब्ध रहते हैं, **ताकि प्रभावित समुदायों की महिलाओं को अपनी शिकायतों के बारे में किसी महिला कर्मचारी से ही बात करने की सुविधा मिलती है?**	☐	☐
ग.	**कितनी और किस प्रकार की शिकायतें/चिंताएँ** प्रभावित समुदायों और व्यक्तियों ने जमा की हैं, इस जानकारी को सार्वजनिक रूप से खुलासा करती है?	☐	☐
घ.	**प्रभावित समुदायों से चर्चा करती है कि क्या उपाय किए जा रहे हैं**, ताकि एक ही प्रकार की शिकायतें/चिंताएँ बार-बार न उभरें?	☐	☐

10	**कर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य**		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	अपने सभी कर्मचारियों को तथा ठेकेदारों के लिए काम कर रहे सभी लोगों को **उचित सुरक्षा उपकरण** बिना कर्मचारियों और ठेकेदारों के कर्मियों पर कोई लागत डाले, प्रदान करती है?	☐	☐
ख.	अपने सभी कर्मचारियों को तथा ठेकेदारों के लिए काम कर रहे लोगों को **स्वच्छता और कपड़े आदि बदलने की उचित सुविधाएँ** प्रदान करती है?	☐	☐
ग.	सुनिश्चित करती है कि सभी महिला कर्मियों को **स्वच्छता और कपड़े आदि बदलने की ऐसी उचित सुविधाएँ** मिलती हैं, जो सुरक्षित हैं तथा **जिन्हें पुरुषों दवारा उपयोग की जाने वाली सुविधाओं से अलग किया गया है**?	☐	☐
घ.	**प्रत्येक कर्मी प्रति दिन औसत रूप से कितने घंटे काम करता है**, इसका सार्वजनिक खुलासा करती है?	☐	☐

11	**महिला कर्मी**		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	**महिला कर्मियों को कोई भी परेशान नहीं करता है**, इसे सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाती है?	☐	☐
ख.	**महिला कर्मियों पर लैंगिकता के आधार पर होने वाली हिंसा** को रोकने के लिए कदम उठाती है?	☐	☐
ग.	अपने सभी महिला कर्मचारियों और ठेकेदारों के लिए काम करने वाली महिलाओं को नारी शरीर के लिए उचित कामकाजी वस्त्र और निजी रक्षी उपकरण उपलब्ध कराने की पक्की व्यवस्था करती है?	☐	☐
घ.	अपने सभी कर्मचारियों और ठेकेदारों के लिए काम करने वाले सभी लोगों के लिए लैंगिक जागरूकता प्रशिक्षण देती है?	☐	☐

12	**कार्यस्थल में हुई मौतें और चोटें**		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	कार्यस्थल में अपने कर्मचारियों को लगने वाली **चोटों और मौतों की संख्या और उनकी परिस्थितियों के बारे में जानकारी का सार्वजनिक खुलासा करती है?**	☐	☐
ख.	कार्यस्थल में ठेकेदारों के लिए काम कर रहे कर्मियों को लगने वाली **चोटों और मौतों की संख्या और उनकी परिस्थितियों** के बारे में जानकारी का सार्वजनिक खुलासा करती है?	☐	☐
ग.	में एक **समेकित व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य समिति है, जिसके कर्मचारियों के प्रतिनिधि और नियोजक के प्रतिनिधि दोनें सदस्य** हैं, जो जोखिमों का आकलन और दुर्घटनाओं की जाँच-पड़ताल करती है?	☐	☐
घ.	सुनिश्चित करती है कि महिला कर्मियों को संयुक्त व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य समिति में प्रतिनिधित्व मिलता है?	☐	☐

13	**कर्मी प्रशिक्षण**		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	सुनिश्चित करती है कि उसके कर्मचारियों को तथा ठेकेदारों के लिए काम करने वाले लोगों को अपने काम को सुरक्षा के साथ और बिना चोट खाए करने **के लिए आवश्यक निर्देश** मिलते हैं?	☐	☐
ख.	कर्मियों से बिना शुल्क लिए उन्हें प्रशिक्षण देती है, **ताकि वे अपने तकनीकी कौशलों को विकसित कर सकें?**	☐	☐
ग.	सुनिश्चित करती है कि **महिला कर्मियों** को सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों और शिक्षण अवसरों का लाभ मिलता है?	☐	☐
घ.	अपनी आपातकालीन प्रतिक्रिया योजनाओं के परीक्षण में **सभी कर्मचारियों को तथा ठेकेदारों के लिए काम करने वाले सभी कर्मियों को शामिल करती है?**	☐	☐

14	वाजिब वेतन		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	कर्मी और उनके परिवार सम्मानजनक जीवनशैली अपना सके, इसके लिए **क्या वेतन स्तर आवश्यक होगा, इसका आकलन करती है?**	☐	☐
ख.	सुनिश्चित करती है कि उसके सभी कर्मचारियों का वेतन सम्मानजनक **वेतन** स्तर के तुल्य है अथवा उससे अधिक है?	☐	☐
ग.	सुनिश्चित करती है कि **ठेकेदारों** के लिए काम करने वाले लोगों का वेतन भी सम्मानजनक वेतन स्तर के तुल्य है अथवा उससे अधिक है?	☐	☐
घ.	प्रत्येक नौकरी स्तर पर **महिला और पुरुष कर्मियों के लिए न्यूनतम वेतन** स्तर का सार्वजनिक खुलासा करती है?	☐	☐

15	कर्मियों की शिकायतें और चिंताएँ		
	इस खनन स्थल के लिए, क्या कंपनी	नहीं	हाँ
क.	में **कर्मचारियों द्वारा और ठेकेदारों के लिए काम कर रहे लोगों द्वारा शिकायतें/चिंताएँ दर्ज करने के लिए शिकायत प्रणाली** विद्यमान है?	☐	☐
ख.	सुनिश्चत करती है कि शिकायतें प्राप्त करने तथा उनका निराकरण करने के लिए पुरुष और स्त्री कर्मचारी उपलब्ध रहते हैं, ताकि **महिला कर्मचारियों को अपनी शिकायतों के बारे में किसी महिला कर्मचारी से ही बात करने की सुविधा मिलती है?**	☐	☐
ग.	**कितनी और किस प्रकार की शिकायतें/चिंताएँ** कर्मचारियों ने तथा ठेकेदारों के लिए काम कर रहे लोगों ने जमा की हैं, इस जानकारी को सार्वजनिक रूप से खुलासा करती है?	☐	☐
घ.	**अपने कर्मचारियों से तथा ठेकेदारों के कर्मियों से तथा उनके प्रतिनिधियों से चर्चा करती है कि** एक ही प्रकार की शिकायतें/चिंताएँ बार-बार न उभरें, इसके लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं ?	☐	☐

टिप्पणियाँ

परिचय

01 स्थानीय नियोजन

जो कंपनी सार्वजनिक रूप से इस जानकारी का खुलासा करती है कि कितने स्थानीय लोग उसके खनन स्थल में काम कर रहे हैं, वह कंपनी स्थानीय समुदायों के आर्थिक विकास में निवेश करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर सकती है। महिला कर्मियों के बारे में विशिष्ट जानकारी का खुलासा करके कंपनी इसे दिखा सकती है कि उसके द्वारा की गई भर्तियों में और उसकी कार्यस्थलीय प्रथाओं में महिलाओं के साथ भेद-भाव नहीं बरता जाता है। और कंपनी इस बारे में खुलासा करके कि उसके ठेकेदारों के लिए कितने स्थानीय लोग काम कर रहे हैं, नियोजन की स्थिति का अधिक पूर्ण जानकारी प्रदान कर सकती है।

02 स्थानीय प्रापण

जो कंपनी स्थानीय तौर पर सामान और सेवाएँ खरीदती है, वह स्थानीय क्षेत्र के विकास और आर्थिक वृद्धि को समर्थित कर पाती है। जब कंपनी स्थानीय प्रापण के बारे में जानकारी देती है, तब वह खनन स्थल के लिए आपूर्तिकर्ता बनने के अवसरों को पहचानने में स्थानीय व्यवसायों की मदद करती है, तथा वह कंपनी इसे भी दर्शाती है कि कैसे वह आपूर्तिकर्ता बनने में स्थानीय व्यवसायों की मदद कर रही है।

03 वायु की गुणवत्ता

खनन स्थल की उपस्थिति से प्रभावित कई समुदायों की एक मुख्य चिंता वायु प्रदूषण है, क्योंकि वायु प्रदूषण उनके स्वास्थ्य, उनकी फसलों, उनके मवेशियों और कभी-कभी तो उनकी आजीविका को भी प्रभावित कर सकता है। जब कोई कंपनी सार्वजनिक रूप से खनन स्थल के आस-पास के स्थानों के लिए वायु की गुणवत्ता से संबंधित आँकड़ों का खुलासा करती है, और समुदायों के साथ इसके बारे में चर्चा करती है कि वायु की गुणवत्ता को ठीक रखने के लिए वह क्या कर रही है, तब वह विश्वास पैदा कर सकती है और धूल और वायु प्रदाषूण से संबंधित चिंताओं को कम कर सकती है।

04 पानी की गुणवत्ता

जिन-जिन स्थानों से कंपनी पानी की गुणवत्ता से संबंधित आँकड़ों का संकलन करती है, उन-उन स्थानों में से प्रत्येक के लिए पानी की गुणवत्ता से संबंधित आँकड़ों का नियमित खुलासा करके कंपनी पानी की गुणवत्ता से संबंधित सार्वजनिक जानकारी को प्रभावित समुदायों के लिए कहीं अधिक उपयोगी बना सकती है। कब और कहाँ पानी की गुणवत्ता सुरक्षीत मानी जाने वाली सीमाओं से कम हुई, इससे संबंधित जानकारी को निर्दिष्ट करके, और पानी की गुणवत्ता को प्रबंधित करने के लिए वह क्या प्रयास कर रही है, इसके बारे में प्रभावित समुदायों के साथ बातचीत करके, कंपनी विश्वास जगा सकती है।

05 पानी की मात्रा

खनन कंपनियों और प्रभावित समुदायों के बीच उठ खड़े होने वाले संघर्षों का एक सामान्य कारण पानी तक पहुँच है, विशेषकर उन प्रदेशों में जहाँ पानी की कमी है। इसका खुलासा करके कि कंपनी स्थानीय जल-स्रोतों से कितना पानी ले रही है, और प्रभावित समुदायों के साथ इसके बारे में चर्चा करके कि उसके द्वारा पानी का उपयोग किस तरह स्थानीय लोगों की जल-आवश्यकता को ध्यान में लेती है, कंपनी प्रभावित समुदायों के प्रति श्रद्धा दर्शा सकती है।

06 पुनर्वास, और खनन कार्य बंद हो जाने के बाद

किसी कंपनी को उसके खनन स्थल के आस-पास के क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ने के लिए, उसे सुनिश्चित करना होगा कि खनन बंद हो जाने के बाद भी प्रभावित समुदायों को स्वयं-पोषी आजीविका के साधन उपलब्ध होते रहते हैं। इसमें शामिल हैं, इसे सुनिश्चित करना कि स्थानीय लोगों को स्वस्थ कुदरती संसाधनों (जमीन, पानी, आदि) और आर्थिक अवसरों का लाभ मिलता रहता है। कंपनी को खान को बंद करने की योजना की चर्चा स्थानीय समुदायों के साथ करनी होगी तथा उनका अनुमोदन प्राप्त करना होगा, ताकि कंपनी इसे ध्यान में ले सके कि खान के बंद हो जाने के बाद खनन स्थल को स्थानीय लोग किस रूप में देखना चाहते हैं।

07 खनन के उप-उत्पादों (टेलिंग) का प्रबंध

खनन के उप-उत्पादों को रखने के लिए बनाए गए बाँध (टेलिंग बाँध) लोगों, मवेशियों और पर्यावरण के लिए बहुत ही खतरनाक होते हैं। यदि ये बाँध टूट जाएँ, तो ये बहुत बड़ी मात्रा में अपशिष्ट पदार्थों को विमुक्त कर सकते हैं, जिससे लोग मर सकते हैं, नदियाँ अवरुद्ध हो सकती हैं, घर दफन हो सकते हैं, आजीविकाएँ नष्ट हो सकती हैं और सालों तक पर्यावरण और स्थानीय समुदायों पर गंभीर कुप्रभाव पड़ सकता है। टेलिंग बाँधों के बारे में व्यावहारिक जानकारी देकर, तथा इसे सुनिश्चित करके कि इन स्थानों को ठीक से चिह्नित किया जाता है, तथा मनुष्यों और जानवरों को होने वाली आकस्मिक चोटों या मौतों को रोकने के लिए इन स्थानों को सुरक्षित करके, तथा चेतावनी देने की प्रणालियों की नियमित जाँच-परख करके, कंपनी इसका प्रदर्शन कर सकती है कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से लेती है।

08 स्थानीय समुदायों की सुरक्षा

अक्सर खनन-कार्य स्थानीय समुदायों के लिए खतरनाक साबित होता है, क्योंकि दुर्घटनाएँ और विवाद के कारण लोगों की मृत्यु हो सकती है और उन्हें चोटें लग सकती हैं। खनन से संबंधित मौतों की संख्या और जिन परिस्थितियों में हुई हैं, उनका सार्वजनिक खुलासा करके कंपनी स्थानीय समुदायों के प्रति आदर दर्शा सकती है और उन्हें सुरक्षित रख सकती है। और, यद्यपि इसकी गारंटी देना असंभव है कि खनन के कारण कोई भी आपात-स्थिति कभी भी उत्पन्न नहीं होगी, फिर भी कंपनी आपात स्थितियों के प्रबंध और आपात-स्थितियों में क्या करना चाहिए इसकी योजना बनाकर हानिकारक प्रभावों को कम कर सकती है। आपात-स्थितियों में की जाने वाली इन कार्रवाइयों की योजनाओं के परीक्षण में स्थानीय लोगों को शामिल करके, कंपनी इसे सुनिश्चित करने में मदद कर सकती है कि किसी वास्तविक आपात स्थिति में ये योजनाएँ सुचारु रूप से काम करेंगी।

09 समुदायों की शिकायतें और चिंताएँ

जो कंपनी स्थानीय समुदायों का आदर करती है, वह उनकी चिंताओं के बारे में जानना चाहेगी तथा इन चिंताओं को दूर करने का प्रयास करेगी। इसके लिए एक ऐसी औपचारिक प्रणाली (सामुदायिक शिकायत प्रणाली) स्थापित करना आवश्यक होगा जो प्रभावित समुदायों के व्यक्तियों या समूहों को उनकी शियाकतें दर्ज करने में सक्षम बनाएगी, तकि समुदाय के ये व्यक्ति तथा समूह कंपनी द्वारा इन शिकायतों का निराकरण करवा सके। यदि कंपनी खुलासा करे कि यह प्रणाली कैसे काम करती है, तथा कंपनी इसका भी खुलासा करे कि वह कैसे इसे सुनिश्चित करती है कि इन शिकायतों पर कार्रवाई की जाती है, तो इसकी अधिक संभावना होगी कि समुदाय के सदस्य इस प्रणाली पर भरोसा करेंगे तथा उसका उपयोग करेंगे।

10 कर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य

सुरक्षित परिवेश वह है जो कर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। काम करने का जो परिवेश सुरक्षित होता है, वह सामान्यतः उत्पादकता को बढ़ाता है, और खनन के जिन स्थलों में स्थिति सुरक्षित होती है, वे कर्मियों और निवेशकों को आकर्षित करने में अधिक सफल होती हैं। खनन कंपनी अपने कर्मियों को उचित रक्षी उपकरण देकर और ऐसे शौचालय और हाथ धोने की सुविधाएँ उपलब्ध कराकर जो महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए सुरक्षित हों, सुरक्षा जोखिमों में कटौती कर सकती है। काम करने की समय-सारणियों का अनुवीक्षण पारदर्शी रूप से करके भी संभावित दुर्व्यवहार-युक्त प्रथाओं को रोका जा सकता है।

11 महिला कर्मी

खनन स्थलों में काम करने की असुरक्षित और खतरनाक स्थितियों का महिला कर्मियों पर सबसे अधिक कुप्रभाव पड़ता है। महिलाओं के परेशान किए जाने और लैंगिक हिंसा को रोकने के लिए कदम उठाकर, तथा महिला कर्मियों को उचित कामकाजी वस्त्र और रक्षी उपकरण देकर, कंपनी महिला कर्मियों के प्रति सम्मान दर्शा सकती है। कार्यस्थल में लिंग क्या भूमिका निभाती है इसे समझने के लिए, तथा कार्यस्थल में लैंगिक समता लाने के लिए उचित प्रशिक्षण आवश्यक होता है।

12 कार्यस्थल में हुई मौतें और चोटें

खनन एक खतरनाक व्यवसाय है। विश्व भर में अब भी खनन स्थलों में जानलेवा दुर्घटनाएँ बारबार होती हैं। दुर्घटनाओं और मौतों का खुलासा करके और उनकी छानबीन करके खनन कंपनी कार्यस्थल में मौजूद सुरक्षा जोखिमों से बच सकती है और उन्हें कम कर सकती है। खनन उद्योग उत्तरोत्तर ठेकेदारों पर निर्भर होता जा रहा है, इसलिए खनन कंपनी के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह ठेकेदारों के लिए काम कर रहे लोगों की मौतों के बारे में भी जानकारी दे, ताकि उसके कर्मियों को सुरक्षा की स्थिति का अधिक पूर्ण समझ प्राप्त हो सके।

13 कर्मी प्रशिक्षण

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, ऐसे किसी भी व्यक्ति को जिसने खनन से संबंधित कामों को पूरी तरह से और सुरक्षा के साथ करने के लिए प्रशिक्षण नहीं प्राप्त किया है, खनन स्थलों में काम करने के लिए नियोजित नहीं करना चाहिए। इसलिए प्रशिक्षण के दायरे में न केवल स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा आपात स्थितियों में अपनाए जाने योग्य उपाय ही नहीं, बल्कि तकनीकी कुशलताएँ भी शामिल रहने चाहिए। कर्मियों को शिक्षण और प्रशिक्षण देकर एक अधिक उत्पादक कर्मी-दल निर्मित किया जा सकता है।

14 वाजिब वेतन

वाजिब वेतन वह है जिससे मूलभूत और सम्मानजनक जीवन-शैली अपनाने, गरीबी रेखा से ऊपर जीवन-यापन करने, और सामाजिक और सांस्कृतिक क्रियाकलापों में भाग लेने के लिए जितनी धन-राशि आवश्यक होती है, वह कर्मचारियों तथा उनके परिवार को मिल पाता है। वाजिब वेतन एक मूलभूत अधिकार है। जो खनन कंपनी इसे सुनिश्चित करती है कि अपने कर्मचारियों को तथा ठेकेदारों के लिए काम कर रहे लोगों को वाजिब वेतन दिया जाता है, वह कर्मचारियों के साथ अपने संबंध को सुदृढ़ कर पाती है, कर्मियों के उत्साह और उत्पादकता को बढ़ा पाती है, और इसे प्रदर्शित कर पाती है कि वह कर्मियों के अधिकारों का सम्मान करती है।

15 कर्मियों की शिकायतें और चिंताएँ

जो कंपनी अपने कर्मचारियों का आदर करती है, वह उनकी चिंताओं के बारे में जानना चाहेगी तथा इन चिंताओं को दूर करने का प्रयास करेगी। इसके लिए एक ऐसी औपचारिक प्रणाली (कर्मी शिकायत प्रणाली) स्थापित करना आवश्यक होगा जो प्रभावित कर्मियों को अपनी शियाकतें दर्ज करने में सक्षम बनाएगी तकि कंपनी इन शिकायतों का निराकरण कर सके। प्रभावशाली शिकायत प्रणाली कंपनी तथा उसके कर्मी-दल के बीच अधिक सकारात्मक संबंधों को संभव बनाएगी। इसका खुलासा करके कि शिकायत प्रणाली का उपयोग कैसे किया जा रहा है तथा कंपनी इसे सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठा रही है कि शिकायतों का निराकरण प्रभावशाली रीति से होता है, कंपनी शिकायत प्रक्रिया में भरोसा उत्पन्न कर सकती है।

उत्तरदायित्वपूर्ण खनन से संबंधीत मुद्दों के एक अधिक पूर्ण ढाँचे के लिए आप Responsible Mining Foundation (उत्तरदायित्वपूर्ण खनन प्रतिष्ठान) की वेबसाद देख सकते हैं:
www.responsibleminingfoundation.org

प्रश्नों का उत्तर पाने और समर्थन के लिए
contact@responsibleminingfoundation.org
को लिखें।

टिप्पणी:
यह जरूरी नहीं है कि इस दस्तावेज की सामग्री Responsible Mining Foundation (RMF) (उत्तरदायित्वपूर्ण खनन प्रतिष्ठान) (आरएमएफ) के दानदाताओं, न्यासियों और कर्मचारियों, तथा इस दस्तावेज की तैयारी के लिए जो मंत्रणाएँ की गई थीं, उनमें भाग लेने वाले लोगों और परामर्शदाताओं.

सार्वजनिक हित में निश्शुल्क रूप से प्रकाशित
सभी डेटा और लिखित सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन - गैर-वाणिज्यिक 4.0 अंतर्राष्ट्रीय लाइसेंस (सीसी बीवाई-एनसी 4.0) के तहत लाइसेंसित है। उपयोगकर्ता इस सामग्री को साझा कर सकते हैं और इसे आवश्यकतानुसार परिवर्तित कर सकते हैं, लेकिन मूल दस्तावेज का उल्लेख उचित रूप से करना होगा और इस लाइसेंस का लिंक उपलब्ध कराना होगा, और यदि मूल दस्तावेज में परिवर्तन किए गए हों, तो उन्हें इंगित करना होगा। इस लाइसेंसित सामग्री का वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए, या भेदभावपूर्ण रीति से, या अपमानजनक रीति से उपयोग नहीं किया जा सकता है, न ही इसे तोड़-मरोड़कर पेश किया जा सकता है। इसे उद्धृत करते समय, स्रोत का उल्लेख इस तरह करें: «Responsible Mining Foundation (RMF) (2020), ‘Mine-Site Assessment Tool (Version 3)’»